(नैक द्वारा A++ ग्रेड प्रत्यायित)

लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ

संख्या : लविवि / पनिका / 26-346
दिनांक: 03.06.2026

कार्यालय ज्ञाप

एतत्द्वारा लखनऊ विश्वविद्यालय एवं सहयुक्त महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं को सूचित किया जाता है कि विधि (त्रिवर्षीय एवं पंचवर्षीय) प्रथम सेमेस्टर–**2025 के छात्रों का वैधानिक आधार पर संशोधित परीक्षाफल घोषित कर दिया गया है। संशोधित परीक्षाफल के आधार पर द्वितीय सेमेस्टर के** ऑनलाइन परीक्षाफार्म लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर (Samarth Students Login) के माध्यम से भरने की अंतिम तिथि **दिनांक 07.06.2026 तक निर्धारित की जाती है। उक्त तिथि के उपरान्त कोई तिथि विस्तारित नही की जायेगी।**

1. विश्वविद्यालय के नियमित छात्रों को परीक्षाफार्म के साथ अलग से कोई शुल्क नही जमा करना है केवल ऑनलाइन परीक्षाफार्म भरकर सेमेस्टर की शुल्क रसीद के साथ सम्बन्धित विभागाध्यक्ष / संकायाध्यक्ष / निदेशक कार्यालय में जमा करना है। संकायाध्यक्ष / विभागाध्यक्ष कार्यालय द्वारा जमा किये गये परीक्षाफार्मो को ऑनलाइन माध्यम से अग्रसारित करते हुए सूची **दिनांक 08.06.2026 तक अनिवार्य रूप** से परीक्षा विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय में जमा करना है।
2. सहयुक्त महाविद्यालयों के समस्त कक्षाओं के छात्र /छात्राओं को ऑनलाइन भरे गये परीक्षाफार्म को विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित परीक्षा शुल्क के साथ अपने महाविद्यालय में जमा करना है।
3. समस्त सहयुक्त महाविद्यालय के ऑनलाइन भरे गये समस्त परीक्षा फार्मो को महाविद्यालय की समर्थ लॉगिन से अग्रसारित किया जायेगा।
4. छात्रों के ई–मेल / मोबाइल न0 / विषय / प्रश्नपत्र आदि के संशोधन की व्यवस्था महाविद्यालय के समर्थ लॉगिन पर उपलब्ध है।
5. परीक्षाफार्म को लॉगिन के माध्यम से अग्रसारित करते हुए विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित तिथि तक परीक्षा शुल्क महाविद्यालय द्वारा समर्थ पोर्टल पर उपलब्ध ई–मैनडेट के माध्यम से ऑनलाइन शुल्क जमा किया जायेगा।
6. छात्र ऑनलाइन भरे गये परीक्षा फार्म में किसी प्रकार की त्रुटि / समस्या हेतु **WhatsApp No. 7991200609, 7991200506** एवं **E-mail ID.** samarthexamlu@gmail.com पर **WhatsApp** या ई–मेल कर सकते है।.

समस्त महाविद्यालयों द्वारा अपने महाविद्यालय में भरे गये परीक्षाफार्म की सूची संलग्न कर विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित परीक्षा शुल्क रसीद के साथ दिनांक 08.06.2026 तक अनिवार्य रूप से परीक्षा विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय में जा करना सुनिश्चित करें।

3.6.2026
परीक्षा नियंत्रक
लखनऊ विश्वविद्यालय।

पृष्ठाकंन संख्या एवं दिनांकः उपरोक्त।
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. सचिव कुलपति को माननीय कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।
2. सम्बन्धित संकायाध्यक्ष / विभागाध्यक्ष।
3. कुलसचिव।
4. वित्त अधिकारी।
5. कुलानुशासक।
6. समस्त प्राचार्य / प्राचार्या, सहयुक्त महाविद्यालयों को इस आशय से प्रेषित कि अपने महाविद्यालय से सम्बन्धित छात्रों को सूचित कर उनके परीक्षाफार्म निर्धारित तिथि तक ऑनलाइन भरवाने का कष्ट करें, जिससे तिथि समाप्त होने के उपरान्त छात्रों को अनावश्यक कठिनाई का सामना न करना पड़ें।
7. निदेशक, आई0पी0पी0आर0।
8. उप कुलसचिव परीक्षा / गोपनीय / प्रभारी, वेवसाइट।
9. कार्यालय अधीक्षक परीक्षा / कक्षा सहायक, (सम्बन्धित कक्षा)।

3.6.2026.
परीक्षा नियंत्रक
लखनऊ विश्वविद्यालय।